# A

**24713** **120 MINUTES**

1. भारत में ब्राह्मी लिपि का प्रचलन कब हुआ था?
   A) ईसा के द्वितीय शती से 400 वर्ष बात तक
   B) ईसा पूर्व पाँचवीं शती से 350 वर्ष बाद तक
   C) ईसा पूर्व द्वितीय शती से प्रथम शती तक
   D) ईसा के प्रथम शती से 600 वर्ष बाद तक

2. 'भक्तमाल' की रचना करनेवाले नाभादास और राघोदास किस संप्रदाय के थे?
   A) दादू पन्थ B) कबीर पन्थ
   C) राधो संप्रदाय D) उदासी संप्रदाय

3. व्रजभाषा में निम्नलिखित में से कौन-सा स्वर नहीं है?
   A) अ B) ओ C) ऋ D) ऐ

4. जगनिक द्वारा रचित 'आल्हखंड' की भाषा है-
   A) अवधी B) व्रजभाषा C) राजस्थानी D) पंजाबी

5. शिक्षित बेरोज़गार नवयुवकों की पीडा व्यक्त करनेवाला नाटक इनमें कौन-सा है?
   A) लक्ष्मीनारायणलाल कृत 'अन्धाकुआँ'
   B) गिरिजाकुमार माथुर कृत 'कल्पान्तर'
   C) ज्ञान अग्निहोत्री कृत 'शुतुरमुर्ग
   D) ब्रजमोहन कृत – 'त्रिशंकु'

6. महापण्डित राहुल सांकृत्यायन के बचपन का नाम क्या था?
   A) केदारनाथ पाण्डेय B) गोवर्धन पाण्डेय
   C) रामशरण पाठक D) जानकी पाण्डेय

7. सूफी प्रेमाख्यानों का काल क्रमानुसार सर्वप्रथम रचना किसे माना जाता है?
   A) पद्मावत B) मृगावती C) चन्दायन D) मधुमालती

8. जयशंकर प्रसाद के किस नाटक को नारी जागरण का महाकाव्य कहा जा सकता है?
   A) चन्द्रगुप्त B) स्कन्दगुप्त
   C) जनमेजय का नागयज्ञ D) ध्रुवस्वामिनी

9. ‘कला और बूढा-चाँद’ किस छायावादी कवि की रचना है?

A) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला B) जयशंकर प्रसाद

C) सुमित्रानन्दन पन्त D) महादेवी वर्मा

10. “यदि प्रबन्ध काव्य एक विस्तृत वनस्थली है, तो मुक्तक एक चुना हुआ गुलदस्ता” – यह किसका कथन है?

A) श्यामसुंदर दास B) रामचन्द्र शुक्ल

C) रामकुमार वर्मा D) माता प्रसाद गुप्त

11. कालक्रम की दृष्टि से साहित्य संप्रदायों का सही अनुक्रम है

A) ध्वनि, रीति, वक्रोक्ति, अलंकार

B) अलंकार, ध्वनि, रीति, रस

C) रीति, वक्रोक्ति, रस, अलंकार

D) रस, अलंकार, रीति, ध्वनि

12. निम्नलिखित में से कौन आधुनिक काल के प्रमुख समालोचक थे?

1. डॉ. देवराज 2. रामचन्द्र शुक्ल

3. राम रतन भटनागर 4. हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

A) केवल 1 और 2 B) केवल 1 और 4

C) 1,2,3 और 4 D) केवल 2 और 4

13. इन में अष्टछाप के कवि नहीं है-

A) नंद दास B) कृष्णदास

C) गोविन्द स्वामी D) भिखारी दास

14. अप्रत्याशित शब्द का रही उपसर्स विन्यास है

A) अ + प्रत्य + आशित B) अ + प्रत + आ + शित

C) आ + परि + त्याशित D) अ + प्रत्यय + अशित

15. ‘बयोग्राफिया लिटरेरिया’ के रचनाकार हैं

A) वर्ड्सवर्थ B) कॉलरिज C) रिचर्ड्स D) इलियट

16. ‘कला और निर्वैयक्तिकता का सिद्धान्त’ किसका है?

A) इलियट B) क्रोचे C) लोंजाइनस D) एडलर

17. स्पर्श संघर्षी ध्वनियाँ इनमें कौन-सी हैं?

A) क ख ग  B) च छ ज  C) प फ ब  D) न ण म

18. शतम् भाषा समूह में कौन-से भाषा वर्ग हैं?

A) नेपाली  B) ईरानी, भारतीय

C) अंग्रेज़ी, जापनी  D) योरोपियन

19. विभाषा किसे कहते हैं?

A) बोली को  B) मौखिक भाषा को

C) राज्य भाषा को  D) लुप्त भाषा को

20. हिन्दी साहित्य में छन्द शास्त्र की दृष्टि से प्रथम कृति कौन-सी मानी गई है?

A) छंद वीणा  B) छन्दार्णव  C) छंद विहार  D) छंदमाला

21. आधुनिक हिन्दी कविता के प्रमुख आन्दोलनों का सही अनुक्रम कौन-सा है?

A) प्रयोगवाद - प्रगतिवाद - अकविता - नयी कविता

B) अकविता - नयी कविता - प्रगतिवाद - प्रयोगवाद

C) प्रगतिवाद - प्रयोगवाद - नयी कविता - अकविता

D) नयी कविता - अकविता - प्रयोगवाद - प्रगतिवाद

22. 'बैताल पचीसी', 'सिंहासन बत्तीसी' आदि कहानियों को किसने हिन्दी में अनूदित किया था?

A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र  B) शिवप्रसाद सितारे हिन्द

C) चतुरसेन शास्त्री  D) लल्लू लाल

23. 'ज़िन्दगीनामा' भारत – पाकिस्तान विभाजन पर लिखा गया उपन्यास है। यह उपन्यास किसकी रचना है?

A) यशपाल  B) कृश्न चन्दर  C) भीष्म साहनी  D) कृष्णा सोबती

24. "एक इंच मुस्कान' उपन्यास की रचना राजेन्द्र यादव के साथ किसने की थी?

A) अमृता प्रीतम  B) मन्नू भंडारी  C) प्रभा खेतान  D) मधु कांकरिया

25. "हृदय की मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द विधान करती आई है उसे कविता कहते हैं" – यह कथन किसका है?

A) महावीर प्रसाद द्विवेदी  B) जयशंकर प्रसाद

C) रामचन्द्र शुक्ल  D) महादेवी वर्मा

26. इनमें मीराबाई की कृति नहीं है-

A) नरसीजी - रो - मोहरो B) राग गोविन्द

C) कृष्ण गीतावली D) राग सोरठा के पद

27. रघुवीर सहाय किस सप्तक के कवि हैं?

A) तार सप्तक B) दूसरा सप्तक C) तीसरा सप्तक D) चौथा सप्तक

28. "हृदय सिन्धु मति – सीप समाना,
स्वाति सारद कहहिं सुजाना" – यह पंक्ति भक्तिकाल के किस कवि की है?

A) कबीरदास B) सूरदास C) तुलसीदास D) नन्ददास

29. जब एक ही वर्ण या अक्षर बार-बार आयें तो वहाँ कौन-सा अलंकार है?

A) यमक B) श्लेष C) उपमा D) अनुप्रास

30. इनमें देशी शब्द नहीं है –

A) कलम B) लोटा C) जूता D) डिबिया

31. निम्न लिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए :

a. हस्मीर रासो 1. दलपति विजय

b. खुमान रासो 2. चन्दबरदाई

c. परमाल रासो 3. जगनिक

d. पृथ्वीराजरासो 4. शार्ङ्गधर

A) a-3, b-1, c-4, d-2 B) a-4, b-1, c-3, d-2

C) a-1, b-3, c-2, d-4 D) a-4, b-3, c-1, d-2

32. 'पद दलित' इस शब्द में कौन-सा समास है?

A) द्वंद्व B) अव्ययीभाव C) तत्पुरुष D) बहुव्रीही

33. निम्नलिखित में रीति बद्ध कवि नहीं है-

A) घनानन्द B) मतिराम C) चिन्तामणि D) केशवदास

34. इनमें धर्मवीर भारती की रचना नहीं है-

A) गुनाहों का देवता B) ग्यारह सपनों का देश

C) अन्धेर युग D) सूरज का सातवां घोडा

35. किस शब्द में विसर्ग सन्धि नहीं है?

A) मनो विकार B) वागीश C) दुर्व्यवहार D) आविर्भाव

36. भक्तिकाल के कवि होने के बावजूद रीतिकालीन कविता लिखने वाला सन्धिकाल के कवि इनमें कौन हैं ?

A) सेनापति B) मीराबाई C) नाभादास D) कृष्णदास

37. तोता-ए-हिन्द इनमें किस कवि को कहा जाता है?

A) अमीर खुसरो B) विद्यापति C) अब्दुर्रहमान D) मुल्ला दाऊद

38. निम्नलिखित में से कौन-सा अलंकार निरूपण ग्रन्थ नहीं है?

A) मतिराम कृत ललित ललाम B) भिखारीदास कृत श्रृंगार निर्णय

C) भूषण कृत शिवराज भूषण D) जसवंत सिंह कृत भाषा भूषण

39. माइकल मधुसूदनदत्त की कृतियों का अनुवाद मैथिलीशरण गुप्त ने किस उपनाम से किया है?

A) कलाधर B) मधूप C) त्रिशूल D) कल्कि

40. द्विवेदी युग की किस प्रवृत्ति के विद्रोह स्वरूप छायावाद का उदय हुआ था?

A) श्रृंगार-भक्ति भावना B) राष्ट्रीय भावों की अतिरंजना

C) व्रजभाषा में काव्यरचना D) इतिवृत्तात्मकता

41. 'कामायनी' के किन-किन सर्गों में पूँजीवादी सभ्यता और वर्ग संघर्ष का संकेत है?

A) स्वप्न और संघर्ष B) चिंता और आशा

C) इडा और लज्जा D) ईर्ष्या और कर्म

42. हिन्दी में नव चेतनावाद का प्रचारक किस छायावादी कवि को मानते हैं?

A) जयशंकर प्रसाद B) रामधारी सिंह दिनकर

C) सुमित्रानन्दन पंत D) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

43. प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना सबसे पहले कहाँ हुई थी?

A) लखनउ में B) पेरिस में C) उज्जैन में D) डेनमार्क में

44. निम्नलिखित में से किस कहानी पर विलियम शेक्सपियर के टेम्पेस्ट की छाप सिद्ध हो चुकी है?

A) रानी केतकी की कहानी B) उसने कहा था

C) ग्यारह केतकी का समय D) इन्दुमती

45. ‘किसिम किसिम की कविता’ नामक लेख में नयी कविता के पैंतालीस नामों का उल्लेख किसने किया है?

A) अज्ञेय B) शमशेर

C) डॉ. जगदीश गुप्त D) डॉ. बच्चन सिंह

46. बंग महिला का वास्तविक नाम क्या था?

A) राजेन्द्रबाला घोष B) मधुबाला घोष

C) दुलाईवाली घोष D) आदर्शवाला घोष

47. निम्नलिखित का सही अनुक्रम क्या है?

A) नकेनवाद, प्रगतिवाद, छायावाद, हालावाद

B) हालावाद, प्रगतिवाद, नकेनवाद, छायावाद

C) छायावाद, हालावाद, प्रगतिवाद, नकेनवाद

D) प्रगतिवाद, नकेनवाद, हालावाद, छायावाद

48. सन् 1977 ईं. में जनवादी विचार मंच की स्थापना किस विश्वविद्यालय में हुई?

A) कोलकत्ता विश्वविद्यालय B) दिल्ली विश्वविद्यालय

C) पंजाब विश्वविद्यालय D) इलाहाबाद विश्वविद्यालय

49. लहंदा किस अपभ्रंश की देन है

A) शौरसेनी B) मागधी C) पैशाची D) महाराष्ट्री

50. “मुक्तिबोध को ‘अंधेरे में’ कविता के नायक से अलग करके देखना असंभव है” – यह किस आलोचक का मत है?

A) रामविलास शर्मा B) कुंवर नारायण

C) देवनारायण साही D) शान्तिप्रिय द्विवेदी

51. निम्न लिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. अनुमितिवाद | 1. अभिनव गुप्त |
| b. उत्पत्तिवाद | 2. भट्ट नायक |
| c. अभिव्यक्ति वाद | 3. शंकुक |
| d. भुक्तिवाद | 4. भट्ट लोल्लट |

A) a-3, b-4, c-1, d-2 B) a-1, b-2, c-3, d-4

C) a-4, b-3, c-2, d-1 D) a-1, b-2, c-4, d-3

52. 'जाग मछंदर गोरख आया' उपन्यास के लेखक इनमें कौन हैं?

A) विश्वंभर नाथ उपाध्याय B) रघुवीर सहाय

C) शेखर जोशी D) शमशेर बहादुर सिंह

53. निम्न लिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए :

a. कल सुनना मुझे 1. उदय प्रकाश

b. प्रार्थना बन्द करो 2. केदारनाथ सिंह

c. रात में हारमोनियम 3. धूमिल

d. ज़मीन पक रही है 4. ज्ञानेन्द्र पति

A) a-2, b-3, c-4, d-1 B) a-1, b-4, c-2, d-3

C) a-3, b-4, c-1, d-2 D) a-3, b-2, c-1, d-4

54. असंगत जोडा इन में से क्या है?

A) चित कोबरा – मृदुला गर्ग

B) एक पत्नी के नोट्स – ममता कालिया

C) एक पति के नोट्स – महेन्द्र भल्ला

D) एक ज़मीन अपनी – राजी सेठ

55. 'पद्मावत' को अन्योक्ति के स्थान पर अब प्रायः समासोक्ति माने जाने लगा है, इसका कारण है

A) पद्मावत पूर्णतः काल्पनिक महाकाव्य है।

B) पद्मावत को अन्योक्ति घोषित करनेवाले आलोचकों की संख्या नगण्य है।

C) पद्मावत के प्रतीक अधूरे और अटपटे हैं।

D) पद्मावत में उपसंहार का पद, जो अन्योक्ति का आधार है, उसे आलोचकों ने प्रक्षिप्त सिद्ध कर दिया है।

56. गान्धीवाद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A) इसके पीछे मार्क्सवाद के समान व्यवस्थित शास्त्रीय अध्ययन नहीं है।

B) इसमें विचार स्वातन्त्र्य का अभाव है।

C) इसका आधार तर्क नहीं, सहानुभूतिहै।

D) इसके विचारों को स्रोत दैनिक साधना है।

57. सहज कविता आन्दोलन के प्रवर्तक किसे माने जाते हैं?

A) रवीन्द्र भ्रमर B) विश्वनाथ त्रिपाठी

C) रामदरश मिश्र D) परमानन्द श्रीवास्तव

58. ‘सरस्वती’ पत्रिका का संस्थापक प्रकाशक थे ?

A) अंबिका दत्त व्यास B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
C) चिन्तामणि घोष D) श्यामसुन्दर चतुर्वेदी

59. निम्न लिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत | 1. आइ.ए.रिचर्डस |
| b. विरेचन सिद्धांत | 2. कालरिज |
| c. संप्रेषण सिद्धांत | 3. आरस्तु |
| d. कल्पना सिद्धांत | 4. टी.एस.इलियट |

A) a-2, b-3, c-1, d-4 B) a-3, b-2, c-4, d-1
C) a-4, b-3, c-1, d-2 D) a-1, b-4, c-2, d-3

60. “बारह बरस लौ कूकर जीवै, अस तेरह लौ जियै सियार बरस अठारह क्षत्रियजीवै, आगे जीवन की धिक्कार”- ये किस रासो कृति की पंक्तियाँ हैं?

A) पृथ्वीराजरासो B) हम्मीर रासों
C) परमाल रासो D) खुमान रासो

61. प्रकाशन काल की दृष्टि से प्रेमचन्द के उपन्यासों का सही अनुक्रम है:

A) सेवासदन, रंगभूमि, वरदान, गोदान
B) रंगभूमि, वरदान, सेवासदन, गोदान
C) गोदान, वरदान, रंगभूमि, सेवासदन
D) सेवासदन, वरदान, रंगभूमि, गोदान

62. ‘पॉल गोमरा का स्कूटर’ किस विधा की रचना है?

A) उपन्यास B) निबंध C) कविता D) कहानी

63. इन में से किसने ‘छायावाद’ नामक ग्रन्थ लिखा है?

A) डॉ. नामवर सिंह B) डॉ. नगेन्द्र
C) डॉ.रामविलास शर्मा D) नन्ददुलारे वाजपेयी

64. “कर्ज वह मेहमान है जो एक बार आया फिर जाने का नाम नहीं लेता” – यह कथन किस उपन्यासकार का है?

A) जैनेन्द्र B) कमलेश्वर C) मार्कण्डेय D) प्रेमचन्द

65. जयशंकर प्रसाद जी व्रज भाषा में किस नाम से रचना करते थे?

A) त्रुशूल B) कलाधर C) कमलाधर D) सनेही

66. एडविन अरनाल्ड द्वारा रचित लाइट ऑफ एशिया नामक कृति को बुद्ध चरित नाम से पद्यत्मक अनुवाद हिन्दी में किसने किया?

A) महावीर प्रसाद द्विवेदी B) श्रीधर पाठक

C) रामचन्द्र शुक्ल D) रामकुमार वर्मा

67. 'जब सबेरा हुआ, तब हम लोग बाहर गए', इस वाक्य में 'जब सबेरा हुआ' कौन-सा उपवाक्य है?

A) संज्ञा उपवाक्य B) विशेषण उपवाक्य

C) क्रिया विशेषण उपवाक्य D) सर्वनाम उपवाक्य

68. 'मोहन तेज़ी से दौडा' – इस वाक्य में 'तेज़ी से' किस प्रकार का विशेषण है?

A) रीति वाचक क्रियाविशेषण

B) स्थान वाचक क्रियाविशेषण

C) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

D) कालवाचक क्रिया विशेषण

69. नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या था?

A) बाबा नागार्जुन सिंह B) वैद्यनाथ मिश्र

C) बाबा दीनबन्धु D) वासुदेव सिंह

70. त्रिमूर्ती – समास क्या है?

A) द्विगु B) द्वंद्व C) बहुव्रीही D) कर्मधारय

71. रीतिकाल में राष्ट्रीयता की भावना जगानेवाला कवि कौन है ?

A) बिहारी B) भूषण C) देव D) पद्माकर

72. सही कालक्रम से व्यवस्थित कीजिए :

A) झूठासच, प्रेतऔरछाया, कुरू-कुरूस्वाहा, भाग्यवती

B) कुरू-कुरूस्वाहा ,प्रेतऔरछाया, भाग्यवती, झूठासच

C) भाग्यवती, प्रेतऔरछाया ,झूठासच, कुरू-कुरूस्वाहा

D) झूठासच, कुरू-कुरूस्वाहा, भाग्यवती, प्रेतऔरछाया

73. संरचनावाद का तात्पर्य है :

A) भाषिक दृष्टि से कृति का मूल्यांकन

B) रचना की विषय-वास्तु पर विचार करना

C) रचना के पाठ का अनुशीलन करना

D) इन में से कोई नहीं

74. किसी भी देश के अधिकांश जनसमूह द्वारा बोली जानेवाली भाषा क्या कहलाती है?

A) राष्ट्र भाषा B) राज्य भाषा C) जन भाषा D) राज भाषा

75. संविधान के किस अनुच्छेद में उच्चतम न्यायलय तथा उच्च न्यायालयों की भाषा के बारे में बताया है :

A) अनुच्छेद 348 B) अनुच्छेद 343 C) अनुच्छेद 350 D) अनुच्छेद 345

76. ‘इनमें-से मूर्धन्य व्यंजन लिखिए -

A) क,ख, ग,घ,ङ B) ट,ठ, ड, ढ,ण C) न,ल,च,य,ज D) प,फ,ब,भ,म

77. इनमें ‘नागरी प्रचारिणी’ पत्रिका के संपादक कौन थे?

A) मणिमधुकर B) अम्बिकादत्त व्यास

C) श्यामसुंदरदास D) गुलाबराय

78. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचना ‘राम की शक्तिपूजा’ का आधार कौन सी कृति है?

A) राधेश्याम रामायण B) कृतिवास रामायण

C) कदम्ब रामायण D) वाल्मीकि रामायण

79. निम्न लिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए:

| | |
|---|---|
| a. कथा एक कंस की | 1. 1972 |
| b. इतिहास चक्र | 2. 1974 |
| c. तीन कैदें | 3. 2011 |
| d. साम दाम दंड भेद | 4. 1996 |

A) a-2, b-1, c-4, d-3 B) a-1, b-3, c-2, d-4

C) a-3, b-2, c-4, d-1 D) a-2, b-3, c-4, d-1

80. स्रोत भाषा के शब्द की वर्तनी पर ध्यान न देकर उसके उच्चारण को आधार मानकर लक्ष्य भाषा में उसके उच्चारण के अनुरूप लिखने को क्या कहते हैं ?

A) लिप्यंतरण B) अनुवाद C) प्रतिलेखन D) आशु अनुवाद

81. ‘रावण सिर सरोज-बनचारी ,चलि रघुवीर सिलीमुख धारी’ में कौन-सा अलंकार है?

A) उपमा B) श्लेष C) उत्प्रेक्षा D) रूपक

82. अश्वत्थामा को केंद्र बिंदु बनाकर कौन-सी नाट्य कृति लिखी गई है?

A) समय सन्दर्भ B) अंधा युग

C) रस गन्धर्व D) मरजीवा

83. प्रयोजनमूलक हिंदी भाषा विज्ञान के किस शाखा के अंतर्गत आते हैं ?

A) व्यतिरेकी भाषाविज्ञान B) अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान

C) ऐतिहासिक भाषाविज्ञान D) तुलनात्मक भाषाविज्ञान

84. निम्न लिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. विखंडनवाद | 1. वर्जीनिया वुल्फ |
| b. आधुनिकतावाद | 2. पाल-डी -मन |
| c. संरचनावाद | 3. देरिदा |
| d. उत्तर संरचनावाद | 4. रोलां वार्थ |

A) a-4 , b-2, c-3 , d-1 B) a-3 , b-1, c-4 , d-2

C) a-1 , b-4, c-3 , d-2 D) a-2 , b-3, c-4 , d-1

85. इनमें से कौन-से छंद के पहले और तीसरे चरण में 11 मात्राएँ , दूसरे और चौथे चरण में 13 मात्राएँ होती हैं -

A) सोरठा B) इन्द्रवज्रा C) मालिनी D) मंदाक्रान्ता

86. ‘मिस्टर अभिमन्यु’ नाटक की मूल समस्या क्या है?

A) स्वच्छंद प्रेम B) पूँजीवादी व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार के दुष्परिणाम

C) समाज सुधार D) उपदेशात्मक वृत्ति

87. इतिवृत्तात्मकता इनमें से किस युग की कविता की प्रमुख विशेषता है?

A) छायावाद B) प्रगतिवाद C) द्विवेदी युग D) प्रयोगवाद

88. इनमें से कौन-सा कथन असत्य है:

A) जायसी निर्गुण धारा के कवि है

B) कबीर के काव्य में भावात्मक रहस्यवाद अधिक है

C) सूरदास राम भक्ति धारा के सर्वश्रेष्ठ कवि है

D) तुलसी के काव्य में लोक मंगल की भावना प्रमुख है

89. निम्न लिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए :

a. मध्य एशिया का इतिहास — 1. व्याससम्मान

b. यामा — 2. मंगलाप्रसादपारितोष

c. नीला चाँद — 3. साहित्यअकादमी

d. रश्मि — 4. ज्ञानपीठ

A) a-3, b-4, c-1, d-2 B) a-1, b-2, c-3, d-4
C) a-4, b-3, c-2, d-1 D) a-1, b-4, c-3, d-2

90. कौन –सा कथन असत्य है :

A) भक्ति आन्दोलन हिन्दुओंकी पराजित मनोवृत्तिकी उपज है |

B) भक्ति आन्दोलन तत्कालीन धार्मिक परिस्थितियों की उपज है।

C) दक्षिण से आती हुईभक्ति की धारा को पनपने के लिए उपयुक्त परिस्थितियाँ उत्तर भारत में थीं|

D) भक्ति भावना ईसाइयों से हिन्दुओंको प्राप्त हुई|

91. अच्छे अनुवादक के लिए आवश्यक गुण इन में क्या है?

A) अर्थ का ज्ञान B) कहावतों का ज्ञान
C) प्रतीकों का ज्ञान D) विषय का ज्ञान

92. इन में हिंदी के इंटरनेट पोर्टल कौन-सा है ?

A) www.webdunia.com B) www.indianlanguages.com
C) www.shabdkosh.com D) उपर्युक्त सभी

93. 'जूही की कली' में कौन सा छंद है ?

A) चौपाई B) दोहा C) रोला D) मुक्त छंद

94. 'अनुवाद की प्रक्रिया सूर्य किरणों को तिनके में बाँधने का प्रयास है' – यह किसका कथन है?

A) जेम्स होल्मस B) विक्टर ह्यूगो
C) कैटफोर्ड D) यूजीन ए निड़ा

95. क्रोचे के अनुसार सौन्दर्य का तत्व कौन-सा है?

A) अंतः संस्कार B) अभिव्यंजना का स्वरूप
C) अभिव्यक्ति D) इन में से सभी

96. 'ठेले पर हिमालय' किस विधा की रचना है ?

A) उपन्यास B) कहानी C) आत्मकथा D) यात्रावृत्तांत

97. निम्न लिखित उक्तियों को उन के आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् | 1. पंडितराज जगन्नाथ |
| b. वाक्यम्र रसात्मकम् काव्यम् | 2. मम्मट |
| c. रमणीयार्थःप्रतिपादःशब्दःकाव्यम् | 3. भामह |
| d. तद्दोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृति पुनःक्वापि | 4. विश्वनाथ |

A) a-3, b-4, c-1, d-2 B) a-1, b-2, c-3, d-4
C) a-3, b-1, c-4, d-2 D) a-2, b-4, c-1, d-3

98. 'क्या पूजन क्या अर्चना रे! उस असीम का सुन्दर मंदिर मेरा लघुतम जीवन रे' – किसकी पंक्तियाँ हैं ?

A) महादेवी वर्मा B) जयशंकर प्रसाद
C) निराला D) पन्त

99. भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल के लिए आई. एस .एम् नामक सॉफ्टवेयर का निर्माण किसने किया?

A) सी डेक बैंगलूर B) सी डेक नोइडा
C) सी डेक पुणे D) अपल सॉफ्ट बैंगलूर

100. इन में से संघर्षी व्यंजन कौन-सा है?

A) ण B) र C) न D) ष

101. इन में से रस का अवयव कौन-सा नहीं है?

A) स्थाई भाव B) विभाव C) संचारी भाव D) स्वभाव

102. इन समाचार पत्रों को प्रकाशन काल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

A) विशाल भारत, सरस्वती, कविवचनसुधा, उदन्त मार्तण्ड
B) उदन्त मार्तण्ड, कविवचनसुधा, सरस्वती, विशाल भारत
C) सरस्वती, कविवचनसुधा, उदन्त मार्तण्ड, विशाल भारत
D) उदन्त मार्तण्ड, विशालभारत, सरस्वती, कविवचनसुधा

103. ‘समकालीन कविता की भूमिका’ पुस्तक किसने लिखी है?

A) प्रभाकर माचवे B) विश्वंभरनाथ उपाध्याय
C) रांगेय राघव D) नवल किशोर

104. अंग्रेज़ी नाटक ‘मर्चेंट ऑफ़ वेनिस’ का अनुवाद भारतेंदु ने किस नाम से किया ?

A) विद्या सुंदर B) दुर्लभबंधु C) मुद्राराक्षस D) वेनिस का व्यापारी

105. अपभ्रंश का वाल्मीकि किसे कहा जाता है ?

A) धनपाल B) पुष्पदत्त C) स्वयंभू D) अब्दुर्रहमान

106. “नील परिधान बीच सुकुमार खुल रहा मृदुल अधखुला अंग;
खिला हो ज्यों बिजली का फूल मेघवन बीच गुलाबी रंग”।– इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?

A) उपमा B) उत्प्रेक्षा C) प्रतीप D) मानकीकरण

107. संज्ञा, विशेषण, क्रिया विशेषण अथवा क्रिया के साथ दूसरी क्रिया का योग होने से बनानेवाली क्रिया कौन-सी है?

A) नामधातु क्रिया B) सकर्मक क्रिया
C) संयुक्त क्रिया D) अनुकरणात्मक क्रिया

108. हिंदी के मनोविश्लेषणवादी साहित्य पर किसका प्रभाव है?

A) फ्रायड का B) एडलर का C) युंग का D) इन सभी का

109. राजभाषा आयोग का गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया ?

A) आचार्य नरेन्द्रदेव B) बी.जी खेर
C) मदन मोहन मालवीय D) पी डी टंडन

110. ’बीततेहु ए’ कहानी संग्रह के रचनाकार कौन है ?

A) नासिरा शर्मा B) चित्रा मुद्गल C) धूमिल D) मधु कांकरिया

111. रस सूत्र में संयोग का अर्थ भोज्य-भोजक संबंध किस आचार्य ने माना है ?

A) आचार्य शंकुक B) भट्ट नायक
C) अभिनव गुप्त D) विश्वनाथ

112. ‘इन में से घोष व्यंजन कौन-सा है ?

A) क B) ज C) ट D) ष

113. निम्न भाषाओं को उत्तर से दक्षिण के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

A) मलयालम, तेलुंगु, हिंदी, कन्नड़

B) तेलुंगु, हिंदी, कन्नड़, मलयालम

C) हिंदी, तेलुंगु, कन्नड़, मलयालम

D) मलयालम,तेलुंगु, कन्नड़, हिंदी

114. पाश्चात्य काव्यशास्त्र में संप्रेषणीयता का सिद्धांत किस की देन है?

A) अरस्तु B) प्लेटो

C) आई ए रिचर्ड्स D) सारण`कीर्केगार्ड

115. देवनागरी लिपि में हिंदी में अक्षर पर शिरोरेखा लगाने की सलाह किसने दी थी?

A) हिंदी सम्मेलन ने B) नगरी प्रचारिणी सभा ने

C) हिन्दुस्तानी अकादमी ने D) देवनागरी लिपि सुधार समिति ने

116. कौन 'यात्री' उपनाम से जाने जाते हैं ?

A) नागार्जुन B) कौशिक

C) बालमुकुन्द गुप्त D) स्वदेश दीपक

117. गिरिजा कुमार माथुर किस सप्तक के कवि है ?

A) दूसरा सप्तक B) तार सप्तक C) तीसरा सप्तक D) चौथा सप्तक

118. इन कवियों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

A) पन्त, हरिऔध,अज्ञेय, श्रीधर पाठक

B) हरिऔध, श्रीधर पाठक, पन्त, अज्ञेय

C) अज्ञेय, हरिऔध, पन्त, श्रीधर पाठक

D) श्रीधर पाठक, हरिऔध, पन्त, अज्ञेय

119. निम्न लिखित शब्दों को उनके संधि के नाम के साथ सुमेलित कीजिए:

a. नीरोग 1. दीर्घ संधि

b. दीर्घाकार 2. विसर्ग संधि

c. सदाचार 3. वृद्धि संधि

d. प्रत्येक 4. व्यंजन संधि

A) a-2 , b-4, c-3, d-1 B) a- 2, b-1 , c-4, d-3

C) a- 1, b- 2,c-3, d-4 D) a-4 , b-2, c-1, d-3

120. निम्न लिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. आवेदन | 1. Capitalist |
| b. लेखाकार | 2. Agree |
| c. पूंजीपति | 3. Accountant |
| d. सहमत | 4. Application |

A) a-1 , b-2, c-3, d-4
B) a- 4, b-3, c-1, d-2
C) a- 3, b- 1,c-2, d-4
D) a-2 , b-1, c-4, d-3